KOLHAN UNIVERSITY
CHAIBASA, WEST SINGHBHUM
Jharkhand. Pin : 833202
Phone No. 06582-255276

D.S.W.

Ref. No. KU/DSW/……49……/2022 Date: 27/07/2022

चार वर्षीय स्नातक (सत्र 2022–26) :
नामांकन सूचना

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के पत्रांक: 1072 (अनु0) दिनांक 19.07.2022 एवं पत्रांक: 1089 दिनांक 20.07.2022 के अनुसार विश्वविद्यालय पत्रांक KU/DSW/46/2022 दिनांक 20.07.2022 में आंशिक संशोधन करते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के NEP-2020 दिशानिर्देशानुसार, एकाधिक प्रवेश और निकास (Multiple Entry and Exit) के साथ चार वर्षीय स्नातक (Four-Year Undergraduate Programme (FYUGP)) मुख्य/Major प्रथम सेमेस्टर सत्र 2022–26 के नामांकन हेतु विवरण निम्न प्रकार है:–

1. नामांकन प्रपत्र चांसलर पोर्टल (www.jharkhanduniversities.nic.in) के द्वारा ऑनलाईन (Online) आवेदन आमंत्रित है।
2. ऑनलाईन नामांकन हेतु आवेदन : 21 जुलाई से 10 अगस्त 2022 तक भरे जा सकते है।
3. प्रथम सूची का प्रकाशन : 16 अगस्त 2022 (संबंधित कॉलेज/चांसलर पोर्टल के वेबसाइट पर देखे जा सकेंगे)
4. शिकायत/आपत्ति की तिथि: 12 से 13 अगस्त 2022 तक (संबंधित कॉलेज में)
5. प्रथम सूची से नामांकन : 16 अगस्त से 25 अगस्त 2022 तक
6. द्वितीय सूची का प्रकाशन (रिक्त सीट के विरूद्ध) : 26 अगस्त 2022
7. द्वितीय सूची से नामांकन की तिथि : 26 अगस्त से 29 अगस्त 2022
8. तृतीय सूची का प्रकाशन (रिक्त सीट के विरूद्ध) : 30 अगस्त 2022
9. तृतीय सूची से नामांकन की तिथि : 30 अगस्त से 02 सितम्बर 2022
10. कक्षा प्रारंभ (Online or Offline according to situation of COVID-19) : 03 सितम्बर 2022 से
11. ऑनलाईन नामांकन हेतु आवेदन शुल्क : Rs. 100/-

सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों/ प्रभारी प्राचार्यों को निदेश दिया जाता है कि नामांकन संबंधी सम्पूर्ण सूचना महाविद्यालय अपने–अपने वेबसाईट (Website) एवं चांसलर पोर्टल पर प्रकाशित करना अवश्य रूप से सुनिश्चित करें।

Rasida/DSW Office/July 2022

महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य अपने महाविद्यालय में नामांकन समिति का गठन कर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के NEP-2020 दिशानिर्देशानुसार के अनुरूप (NEP-2020 Draft (FYUGP) संलग्न) नामांकन प्रक्रिया का विधिवत संचालन करेंगे। योग्य विद्यार्थियों के दस्तावेज सत्यापन के उपरांत ही महाविद्यालय स्तर से संबंधित विद्यार्थियों का नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र को Chancellor Portal के माध्यम से College Login द्वारा Online सत्यापित करना सुनिश्चित करेंगे एवं यह भी अवश्य देखे कि उनका नामांकन शुल्क कम तो नहीं दिख रहा है ऐसी परिस्थिति में महाविद्यालय अपने संबंधित बैंक चालान के माध्यम से शेष नामांकन शुल्क प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। इसके बावजुद भी यदि कोई विद्यार्थी का नामांकन प्रक्रिया में त्रुटि परिलक्षित/गलती हुई एवं महाविद्यालय को आर्थिक क्षति भी हुई तो इसकी पूरी जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

सभी महाविद्यालय अपने स्तर से विद्यार्थियों को नामांकन में होने वाली हर परेशानी का यथासंभव समाधान कर नामांकन प्रक्रिया को हर हाल में समयावधि में सम्पन्न करायेंगे, जैसे हेल्पडेस्क आदि के माध्यम से।

नोटः सभी महाविद्यालयों के लिए:

1. प्रथम सूची से नामांकन ली गई विद्यार्थियों की सूची अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 29.08.2022 तक भेजना अवश्य रूप से सुनिश्चित करें।
2. द्वितीय एवं तृतीय सूची से नामांकन ली गई विद्यार्थियों की सूची अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 07.09.2022 तक भेजना अवश्य रूप से सुनिश्चित करें।

कुलपति के आदेशानुसार
ह0/-
संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

ज्ञापांक : KU/DSW/......49......../2022 दिनांक : 27/07/2022

प्रतिलिपिः–

1. प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, सभी महाविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा।
2. The PMU TEAM, Chancellor Portal रांची के सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित।
3. विश्वविद्यालय वेबसाईट।
6. कुलपति/प्रति–कुलपति/कुलसचिव के सहायक को उनके सूचनार्थ।
7. संचिका में।

27.7.22
संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

Rasida/DSW Office/July 2022